दिन– शनिवार | दिनांक– 15 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 06.35 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्र आज 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के लाल किला पर फहराया तिरंगा। पहली बार 'वंदे मातरम' का हुआ गायन।

02 प्रधानमंत्री ने गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों के लिए मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग और एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को एआई कौशल प्रशिक्षण देने की घोषणा की।

03. पटना के गांधी मैदान में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ध्वजारोहण किया। प्रतियोगी परीक्षाओं की निगरानी के लिए उच्चस्तरीय समिति के गठन की घोषणा की।

04. और, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में अभियान बसेरा के तहत तीस हजार भूमिहीन परिवारों के बीच बासगीत पर्चा का वितरण किया गया।

---

राष्ट्र आज 80वां स्वाधीनता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ऐतिहासिक लाल किला की प्राचीर पर ध्वजारोहण किया। श्री मोदी ने स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हर दिल की धड़कन वंदे मातरम के गायन से गुंजायमान हो रही है।

–––बाइट–––

आजादी के बाद 15 अगस्त को लालकिले पर पहली बार वंदे मातरम् गूंज रहा है। आज हम जब देश के लोग वंदे मातरम के एक सौ 50 वर्ष मना रहे हैं इससे बडा उत्तम अवसर क्या हो सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में करोड़ों देशवासियों के संकल्प, समर्पण और हरसंभव प्रयास की बदौलत देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि भारत का सामर्थ्य सप्त सिंधु से ही संभव होगा। श्री मोदी ने शक्ति की सप्त धारा का आह्वान किया ताकि देश को नई ऊँचाई तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि पहले भारत पांच सबसे कमज़ोर अर्थव्यवस्था वाले देशों में गिना जाता था लेकिन अब भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से विकसित होती अर्थव्यवस्था है।

–––बाइट–––

इन्हीं देशवासियों के प्रयास का परिणाम है कि कभी हम फ्रेजाइल फाइव में गिने जाते हैं। 12 साल के भीतर भीतर हम एक मेजर इकोनॉमी में फास्टेज गोइंग इकोनॉमी बन गए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ए.आई. शिखर सम्मेलन के आयोजन से भारत ने विश्व को अपनी ताकत दिखाई। उन्होंने कहा कि देश की युवा–शक्ति, ए.आई. के क्षेत्र में भी प्रयास कर रही है।

———बाइट———

हमने पिछले दिनों एआई इम्पेक्ट समिट किया था। ए.आई का विस्तार बहुत तेजी से बढ रहा है। लाल किले से मैं देश के नौजवानों के लिए घोषणा करना चाहता हूं हमने तय किया है कि आने वाले एक वर्ष में एक करोड युवाओं को ए.आई स्किल के लिए ट्रैनिंग देने का हम काम करेंगे।

श्री मोदी ने कहा कि सरकार मध्यम वर्ग के परिवारों के बच्चों के लिए फ्री ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था कर रही है।

———बाइट———

विभिन्न परीक्षाओं की फ्री ऑनलाईन कोचिंग हमने करने का निर्णय किया है। डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्टक्चर है। हमारे पास उत्तम टेंलेंट है, टीचर्स हैं। उन संसाधनों को जोडकर के हम देश के नौजवानों को फ्री कोचिंग देने का एक पूरा नेटवर्क हम खडा करने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले सात–आठ वर्ष में, लगभग 8 सेमीकंडक्टर संयंत्र काम शुरु कर देंगे। उन्होंने कहा कि इस समय देश में तीन संयंत्रों में सेमीकंडक्टर निर्माण हो रहा है और इस क्षेत्र में भारत की प्रगति तकनीकी आत्मनिर्भरता को दर्शाती है।

———बाइट———

कोई भी इलेक्ट्रोनिक गूडस होगा, हमारे मेडिकल इक्यूपमेंट होंगे, हमारे ट्रांसपोर्ट के रास्ते होंगे। हर किसी में चिप अनिवार्य हैं और इसे चिप के बिना दुनिया थम जाने की स्थिति पैदा होगी और इसलिए भारत में आत्मनिर्भर होने की दिशा में अपना सेमीकंडक्टर प्लान, बडा सेमीकंडक्टर प्लान, तीन सेमीकंडक्टर प्लान शुरू हो चुका है।

---

स्वाधीनता दिवस समारोह पर हमारे संवाददाता की विस्तृत रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के बाद अंतरदृसेवा और दिल्ली पुलिस के संयुक्त गार्ड ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ, 21 तोपों की सलामी दी गई। वहीं पहली बार लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान, राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का गायन किया गया। ध्वजारोहण के बाद, भारतीय वायु सेना के दो एमआई–17 हेलीकॉप्टरों ने, समारोह स्थल पर फूलों की बारिश की। इनमें से एक हेलीकॉप्टर पर राष्ट्रीय ध्वज था और दूसरे पर वंदे मातरम् लिखा हुआ ध्वज था। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद एनसीसी कैडेट्स और मेरा भारत के स्वयंसेवकों ने वंदे मातरम् का गायन किया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ। सेना, नौसेना और वायु सेना के कुल दो हजार 500 कैडेट्स और मेरा भारत के स्वयंसेवकों ने समारोह में हिस्सा लिया। इसके अलावा अलगदृअलग क्षेत्रों से, करीब पांच हजार विशेष अतिथियों ने, लाल किले पर आयोजित समारोह में भाग लिया। इनमें पीएम विश्वकर्मा योजना के कारीगर, पीएम मुद्रा योजना की महिला उद्यमी, पीएम स्वनिधि योजना के रेहड़ीदृपटरी वाले, भारत टैक्सी के चालक, स्वच्छ भारत मिशन के सफाई कर्मचारी और राष्ट्रीय नवाचार कार्यक्रमों से जुड़े युवा शामिल थे। लाल किले पर आयोजित समारोह का समापन आसमान में तिरंगे गुब्बारे छोड़ने के साथ हुआ। अनुपम और आनंद के साथ दीपेन्द्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

प्रदेश भर में स्वतंत्रता दिवस समारोह उल्लास पूर्वक माहौल में मनाया जा रहा है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतियोगी परीक्षाओं की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति के गठन की घोषणा की।

———बाइट———

मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि राज्य के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं की सुरक्षा के लिए 'पुलिस दीदी' की तैनाती की जाएगी। इसकी शुरुआत रक्षाबंधन के दिन से होगी।

———बाइट———

मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 अगस्त से 'विद्यार्थी पोर्टल' की शुरुआत की जाएगी। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र–छात्राएं अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे, जिनका निपटारा 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था शुरू की गई है। श्री चौधरी ने कहा कि अब सभी जिला अस्पतालों में छत्तीस तरह के ऑपरेशन होंगे और मरीज के रेफर होने पर सिविल सर्जन के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

———बाइट———

ध्वजारोहण से पहले मुख्यमंत्री ने परेड की सलामी ली। परेड में बिहार पुलिस, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएमपी, होमगार्ड, एनसीसी और भारत स्काउटस एंड गाईड के जवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा, सहकारिता, पर्यटन और ग्रामीण विकास समेत तेरह विभागों की ओर से झांकियां भी निकाली गयी।

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में तिरंगा फहराया। विधानसभा परिसर में अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, विधान परिषद में सभापति अवधेश नारायण सिंह और पटना उच्च न्यायालय में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुधीर सिंह ने ध्वजारोहण किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, जदयू कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यालय में पार्टी अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने ध्वजारोहण किया। राजद कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल और कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने तिरंगा फहराया। राष्ट्रीय लोक मोर्चा और वामपंथी दलों समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यालयों में भी इस अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किये गये। आकाशवाणी पटना के प्रांगण में उप महानिदेशक (अभियंत्रण) सह कार्यालय प्रमुख ब्रजेश कुमार ने तिरंगा फहराया।

जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि प्रभारी मंत्रियों ने ध्वजारोहण किया। महादलित गांवों और टोलों में आयोजित कार्यक्रम में समुदाय के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति ने ध्वजारोहण किया। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

छपरा में उपमुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, गया में मंत्री विजय कुमार सिन्हा, मोतिहारी में श्रवण कुमार, मुजफ्फरपुर में प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, बेगूसराय में रामकृपाल यादव और रोहतास में मंत्री अशोक चौधरी ध्वजारोहण किया। दरभंगा में प्रभारी मंत्री कुमार शैलेन्द्र, शेखपुरा में श्वेता गुप्ता, औरंगाबाद में रमा निषाद, नवादा में संतोष कुमार सुमन, मधेपुरा में शीला मंडल, कटिहार प्रमोद कुमार, आरा में अरूण शंकर प्रसाद और अरवल में प्रभारी मंत्री दीपक प्रकाश ने तिरंगा फहराया। सीवान में प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, किशनगंज में शैलेश कुमार, मुंगेर में संजय कुमार, अररिया में रामचन्द्र प्रसाद, पश्चिम पंचारण में लखेन्द्र कुमार रौशन, भभुआ में संजय सिंह टाइगर, सहरसा में प्रभारी मंत्री मिथिलेश तिवारी, बक्सर में नंद किशोर राम, सीतामढ़ी में श्रेयसी सिंह और मधुबनी में लेसी सिंह ने ध्वजारोहण किया। सुपौल, बांका, गोपालगंज और शिवहर जिले में जिलाधिकारी ने झंडा फहराया। स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालयों और निजी संस्थानों में भी तिरंगा फहराया गया। पटना स्थित इनर्जी इंटरनेशनल में अध्यक्ष विजय नारायण झा ने तिरंगा फहराया। समाचार कक्ष से आशुतोष प्रसाद।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में आज अभियान बसेरा के दूसरे चरण के तहत तीस हजार भूमिहीन परिवारों के बीच बासगीत पर्चा का वितरण किया गया। इसके तहत जिला मुख्यालयों में शिविर लगाकर योग्य परिवारों के बीच तीन–तीन डिसमिल जमीन के भूमि बंदोबस्ती प्रमाण पत्र वितरित किये गये। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि सभी लाभुकों को डिजिटल स्वरूप में बासगीत पर्चा उपलब्ध कराया गया है।

---

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग का एक उच्च स्तरीय दल कल से दो दिवसीय बिहार दौरे पर रहेगा। इस दौरान श्री कुमार पटना में युवाओं में निर्वाचन संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए चुनावी साक्षरता क्लब के दूसरे चरण की शुरूआत करेंगे। साथ ही वे राजगीर नालंदा विश्वविद्यालय के सभागार में बूथ लेवल अधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

---

आकाशवाणी पटना से स्वतंत्रता दिवस पर प्रसारित होने वाले विशेष कार्यक्रम के कारण आज जिले की हलचल का प्रसारण नही हो सकेगा।

---

01. राष्ट्र आज 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के लाल किला पर फहराया तिरंगा। पहली बार 'वंदे मातरम' का हुआ गायन।

02 प्रधानमंत्री ने गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों के लिए मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग और एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को एआई कौशल प्रशिक्षण देने की घोषणा की।

03. पटना के गांधी मैदान में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ध्वजारोहण किया। प्रतियोगी परीक्षाओं की निगरानी के लिए उच्चस्तरीय समिति के गठन की घोषणा की।

04. और, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में अभियान बसेरा के तहत तीस हजार भूमिहीन परिवारों के बीच बासगीत पर्चा का वितरण किया गया।

---

समाप्त